केन्द्रीय विद्यालय संगठन / KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(Under Ministry of Education, Govt. of India)
18-संस्थागतक्षेत्र / 18-Institutional Area
शहीद जीत सिंह मार्ग / Shaheed Jeet Singh Marg
नई दिल्ली– 110016 / New Delhi – 110016
Tel: 26858570, Fax No. 011-26514179
www.kvsangathan.nic.in

F. No. 110355/01/2021-22/KVS(HQ)/Sports/ Sports Certificate Verification, 1051-1053 **Date- 14/12/2021**

केवल ई-मेल

उपायुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन
समस्त संभाग

विषय:- केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के खेल प्रमाणपत्रों के सत्यापन के संबंध में:-

महोदया / महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विद्यालयों के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सरकारी संस्थानों में विभिन्न सेवाओं (स्पोर्ट्स कोटा भर्ती) की भर्ती हेतु आवेदन किया जाता है, आवेदन के साथ में संलग्न किया जाने वाले अनुलग्न्क-A फॉर्म-4 में खेलकूद में प्रतिभागिता एवं उपलावधियों से संबन्धित विवरण का सत्यापन संबन्धित संस्थान (जहां से प्रतिभागिता की हो) से सत्यापित करा कर आवेदन के साथ ही प्रस्तुत किया जाता है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता / SGFI द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विद्यालयीन खेल (National School Games) मे प्रतिभागिता / दक्षता प्राप्त छात्र-छात्रा भी ग्रुप "सी" में आवेदन के पात्र होते है। वर्तमान में प्रतिदिन कई आवेदन विभिन्न संभागों के माध्यम से सत्यापन हेतु मुख्यालय भेजे जा रहे है।

उपरोक्त के संदर्भ मे यह पाया गया कि NSM एवं SGFI प्रतियोगिता के समस्त प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु सर्व प्रथम विद्यालय द्वारा जांच करके संभाग को भेजे जाते है तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा अग्रसारित करके मुख्यालय को भेजे जाते है इस तरह प्रमाण पत्रों के सत्यापन में बिलंब हो जाने से कई बार विद्यार्थी आवेदन करने से बंचित रह जाते है । केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के खेल प्रमाण पत्र के सत्यापन प्रक्रिया को सरल एवं यथासमय निष्पादित करने हेतु अब से सत्यापन का कार्य निम्नवत किया जायेगा जो कि नियमानुसार मान्य है और इससे विद्यार्थियों के बहुमूल्य समय की बचत भी होगी:

1. **संभागीय स्तर पर खेल प्रमाण पत्र का सत्यापन** - KVS National Sports Meet में प्रतिभागिता के समस्त प्रमाण पत्रों का सत्यापन संभागीय स्तर (RO Level) पर संबन्धित उपायुक्त अथवा सहायक आयुक्त (खेल) के द्वारा प्रदान किया जायेगा, चूकी विद्यार्थी द्वारा KVS National Sports Meet में विधार्थी द्वारा संभाग का प्रतिनिधित्व किया जाता है इस स्तर पर प्रतिभागिता/दक्षता प्रमाण पत्रों की संख्या बहुत अधिक होती है साथ ही इन विद्यार्थियों का सम्पूर्ण लेखा (Records) विद्यालय / संभागीय कार्यालय (ROs) मे उपलव्ध होता है अतः ऐसे प्रमाणपत्रों का सत्यापन संबन्धित संभागीय स्तर पर ही की जाने हेतु समस्त संभागों को सक्षम/अधिकारित किया जाता है ।
2. **मुख्यालय स्तर पर खेल प्रमाण का सत्यापन** - School Games Federation of India (SGFI) द्वारा आयोजित नेशनल स्कूल गेम्स (NSG) / खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (वर्तमान में SGFI के माध्यम से) एवं अंतराष्ट्रीय स्तर (ISF-WSC) पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) का प्रतिनिधित्व करते हैं एसे विधार्थियों लेखा मुख्यालय एवं संभाग दोनों स्तर पर उपलब्ध होता है अतः विद्यार्थियों के प्रतिभागिता एवं दक्षता प्रमाणपत्रों का सत्यापन केविस (मुख्यालय) से किया जायेगा ।
3. KVS NSM एवं SGFI-NSG स्तर की समस्त खेल प्रतियोगिताओं (सत्र 2018-19 से अब तक) के प्रतिभागियों के प्रतिभागिता / दक्षता प्रमाण (Participation & Achievement) पत्रों का लेखा एवं प्रति (Records & Copy) केविस के स्पोर्ट्स पोर्टल sports.kvsindia.in पर उपलव्ध है एवं इनके संचालन हेतु समस्त खेल प्रकोष्ठ को login Id एवं password भी उपलब्ध कराये गए है।

भवदीय

(रनवीर सिंह) 14/12/21
उपायुक्त (शैक्षिक एवं खेल)

प्रति,

1. निजीसचिव, आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन(मुख्यालय), नईदिल्ली को सूचनार्थ।
2. सार्वजनिक सूचना पटल पर अवलोकन एवं सूचनार्थ ।